Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 21-12-2005
Participants : Khanduri AVSM,Maj.G Bhuwan Chandra

>

Title : Need for Cabinet approval to expedite the work for setting up six more AIIMS in various cities of the Country.

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूडी (गढ़वाल) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से एक विाय उठाना चाहता हूं जो छः राज्यों से संबंधित है। पिछली एनडीए सरकार ने देश में छः एम्स जैसे अस्पतालों के निर्माण करने की व्यवस्था की थी और उसके लिए जहां पर ज़मीन उपलब्ध थी, एक करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए थे। कुछ स्थानों पर उस जगह की चारदीवारी करने के लिए एक करोड रुपये भी दिये गये। उसके बाद वर्तमान सरकार ने इस विाय को आगे नहीं बढ़ाया। मैंने आपकी अनुमति से इस सदन में एक कालिंग अटैन्शन 21 दिसम्बर, 2004 को दिया था जिसमें माननीय मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि केन्द्र सरकार का कैबिनेट एप्रूवल जल्दी लिया जाएगा और इसके ऊपर तुरंत कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने सदन में यह भी कहा था कि इनके लिए 25-25 करोड़ रुपये दिये जाएंगे। उसके बाद मैं बार-बार उनसे निवेदन करता रहा हूं और इस संबंध में दो बार अतारांकित प्रश्न भी पूछे हैं। अभी वर्तमान में मुझे इनका जो जवाब मिला है, अभी-अभी उसमें इन्होंने कहा है कि कैबिनेट का एप्रूवल नहीं दिया गया है। दो साल हो गए हैं, यह इतना बड़ा जनहित का काम है लेकिन सरकार अभी ब्यूरोक्रेसी और लापरवाही में ही घूम रही है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। कल भी और आज भी यह सवाल उठा था कि लोग इन प्रदेशों से यहां आ रहे हैं और एम्स में उनको जगह नहीं मिलती है। लोग सड़कों पर पड़े हुए हैं, उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। सरकार उनके लिए कोई इंतज़ाम नहीं कर रही है। यह बहुत चिन्ता, दुख और पीड़ा का विाय है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि सरकार को आदेशित किया जाए कि जल्दी से जल्दी इस संबंध में कैबिनेट अप्रूवल लिया जाए और इसके लिए धन आबंटित किया जाए जिससे जल्दी यह काम शुरू cÉä[h22]।